दिनांक : 21.04.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

चुनाव प्रचार–प्रदेश

प्रदेश में पहले चरण के मतदान के बाद सभी राजनीतिक दलों ने दूसरे चरण की सीटों पर प्रचार तेज कर दिया है। दूसरे चरण में 6 लोकसभा क्षेत्रों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में चुनाव प्रचार 24 अप्रैल को समाप्त हो जाएगा। छतरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में भी लोकसभा चुनाव प्रचार प्रसार चरम पर है, आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शाम के समय छतरपुर शहर में रोड शो करेंगे। वो भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के लिए वोट मांगेंगे। मुख्यमंत्री सागर जिले के शाहगढ़ में भी प्रचार करेंगे। वे दमोह लोकसभा क्षेत्र की बंडा विधानसभा क्षेत्र के शाहगढ़ में भाजपा के प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह भी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

....

मतदाता जागरूकता–प्रदेश

प्रदेश में जारी लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। सतना में महिलाओं की स्कूटी रैली निकाली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सिविल लाइन चौपाटी से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं भी स्कूटी पर सवार होकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। आगरमालवा जिले में कल कई गांवों में स्वीप गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाकर लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही निष्पक्ष एवं निर्भय होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इंदौर जिले में भी स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने हमारे संवाददाता को बताया कि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा 13 मई की आकृति बनाई, ताकि जनसामान्य तथा विधार्थी अपने अभिभावक के साथ 13 मई को शत प्रतिशत मतदान में भाग ले सकें। इधर राजधानी भोपाल में आज प्रशासन एलेवन और पत्रकार एलेवन के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें मतदाता जागरूकता संदेश दिया गया।

....

महावीर जयंती

आज महावीर जयंती है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म उत्सव जैन अनुयायी बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। जैन समुदाय के लोग इस दिन जैन मंदिरों में जाकर पूजा–पाठ करते हैं वहीं इस दिन भव्य जुलूस भी निकाला जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महावीर जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, राष्ट्रपति मुर्मु ने नागरिकों से भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपनाकर सभी जीवों के कल्याण के लिए काम करने का संकल्प लेने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, विश्व की प्राचीनतम जीवंत सभ्यता तो है ही, यह मानवता की आश्रय–स्थली भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि सर्वजनहिताय होता है।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में सत्य और अहिंसा को बढावा दे रहा है। इधर प्रदेश में भी भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। बैतूल में जैन समाज ने शोभायात्रा निकाली।

....

मौसम

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य में एक बार फिर से आंधी–बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग ने आज जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के 21 जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। यहां 30 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। वही राज्य के पूर्वी हिस्से में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा बना हुआ है। कल खंडवा और खरगोन में पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा। वहीं, भोपाल समेत कई जिलों में बादल रहे। पचमढ़ी में पारा सबसे कम 33.4 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में बीती रात मौसम अचानक बदला। बादलों की गर्जना, बिजली की चमक के साथ तेज आंधी चली व तेज बारिश हुई। आंधी तूफान से शहर के अंदर के पेड़ गिर गए।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला में ए.एस.आई टीम द्वारा लगातार वैज्ञानिक आधार पर सर्वे कार्य किया जा रहा है। आज सर्वे का 31 वाँ दिन है।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक ने कल कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया।
- आगरमालवा स्थित शासकीय नेहरू महाविद्यालय में "ऑपरेशन ऑफ मॉडर्न लैबोरेट्री इक्विपमेंट" पर कल एक दिवसीय कार्यशाला में प्रयोगशालाओं के उपयोग में आने वाले उपकरणों की कार्यविधि एवं उनके परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

....